## पर्यटकों ने संभाला मोर्चा, विभाग को उठ रहे सवालों से कोई सरोकार नहीं

# वल्चर पॉइंट के जंगल में फिर भड़की आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर

छिंदवाड़ा जिले की तामिया रेंज एक बार फिर जंगल में लगी आग की घटना को लेकर चर्चा में है। पश्चिम वन मंडल के अंतर्गत आने वाला यह क्षेत्र पिछले कुछ वर्षों से लगातार पर्यावरणीय संकट और प्रशासनिक लापरवाही का सामना कर रहा है। ताजा घटना वल्चर पॉइंट के पास की है, जहां एक बार फिर जंगल में आग भड़क उठी।

हैरानी की बात यह रही कि आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग की टीम समय पर नहीं पहुंच सकी, जबकि वहां मौजूद पर्यटकों ने खुद आगे आकर आग बुझाने का प्रयास किया।यह घटना न केवल वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जंगल संरक्षण के लिए बनाई गई योजनाएं कितनी प्रभावी हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय जब धुआं उठता देखा गया, तो आसपास मौजूद पर्यटक तुरंत सक्रिय हुए और आग बुझाने में जुट गए। यदि समय रहते यह प्रयास न किया जाता, तो आग और भी विकराल रूप ले सकती थी।तामिया रेंज की स्थिति पिछले कई वर्षों से चिंताजनक बनी हुई है। यहां वन संपदा को जिस प्रकार नुकसान पहुंचा है, वह पहले शायद ही कभी देखा गया हो। प्राकृतिक रूप से पनपने वाले सरई (साल) के जंगलों की कटाई और उनके स्थान पर कृत्रिम पौधरोपण के प्रयास किए गए।

कैंपा (CAMPA) मद से करोड़ों रुपये खर्च कर मिश्रित वन तैयार करने के लिए हजारों पौधे लगाए गए, लेकिन इन प्रयासों का परिणाम बेहद निराशाजनक रहा। लगाए गए पौधों में से सैकड़ों भी जीवित नहीं रह पाए, जिससे यह सवाल उठता है कि आखिर इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद निगरानी और देखरेख में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई।

वन क्षेत्र में साल बोरर कीड़े का प्रकोप भी एक बड़ी समस्या बनकर उभरा। इस कीट के कारण वर्षों पुराने सरई के पेड़ों को काटना पड़ा, जिससे जंगल का घनत्व काफी कम हो गया। यह स्थिति पर्यावरण संतुलन के लिए बेहद खतरनाक है, क्योंकि घने जंगल न केवल वन्य जीवों का आश्रय होते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पिछले वर्ष भी इसी क्षेत्र में जंगल में आग लगी थी, जिसमें छोटे-छोटे पौधे पूरी तरह नष्ट हो गए थे। वे पौधे, जो भविष्य में जंगल को फिर से हरा-भरा बना सकते थे, आग की भेंट चढ़ गए। उस घटना से सबक लेने के बजाय वन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। न तो पर्याप्त फायर लाइन बनाई गई, न ही आग से निपटने के लिए जरूरी संसाधनों की व्यवस्था की गई।

ताजा घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि विभागीय लापरवाही अब भी जारी है। स्थानीय स्तर पर तैनात कर्मचारियों की निष्क्रियता भी इस समस्या को और गंभीर बना रही है। तामिया में तैनात नाकेदार की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि समय रहते आग की सूचना और नियंत्रण के प्रयास नहीं किए गए। यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक इसलिए भी है क्योंकि यह क्षेत्र गिद्धों के लिए महत्वपूर्ण आवास माना जाता है।

गिद्ध, जो पहले बड़ी संख्या में इस क्षेत्र में पाए जाते थे, अब धीरे-धीरे विलुप्ति की कगार पर पहुंच रहे हैं। जंगल में बार-बार लगने वाली आग उनके प्राकृतिक आवास को नष्ट कर रही है। ताजा घटना में भी देखा गया कि आग के कारण गिद्धों को अपना ठिकाना छोड़कर भागना पड़ा।

### आमजनों में पैदा हो रहा आक्रोश, विभाग की चुप्पी बरकरार

यह केवल एक वन्य जीव का संकट नहीं है, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरे की घंटी है।सोशल मीडिया पर इस घटना के वीडियो और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें पर्यटक आग बुझाते हुए नजर आ रहे हैं। इन दृश्यों ने आम लोगों में भी आक्रोश पैदा किया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब आम नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझ सकते हैं, तो वन विभाग अपने कर्तव्यों का निर्वहन क्यों नहीं कर पा रहा।विशेषज्ञों का मानना है कि जंगल में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए दीर्घकालिक रणनीति की आवश्यकता है। इसमें स्थानीय समुदाय की भागीदारी, नियमित निगरानी, फायर लाइन का निर्माण और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली का विकास शामिल होना चाहिए। इसके अलावा, पौधरोपण के बाद उनकी देखरेख और संरक्षण पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है, ताकि खर्च किए गए संसाधनों का सही उपयोग हो सके।

### केवल औपचारिक जांच और बयानबाजी से कैसे बचेगा जंगल

तामिया रेंज की वर्तमान स्थिति यह संकेत देती है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र अपनी जैव विविधता खो सकता है। जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं होते, बल्कि यह जीव-जंतुओं, पक्षियों और मानव जीवन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर वन विभाग कब अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेते हुए ठोस कदम उठाएगा? क्या हर बार आग लगने के बाद केवल औपचारिक जांच और बयानबाजी ही होती रहेगी, या फिर इस दिशा में वास्तविक सुधार भी देखने को मिलेगा? वनविभाग की गैर जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली के चलते, कार्यवाही, औपचारिक जांच और व्यर्थ की बयानबाजी के चलते कैसे बचेगा जंगल।

### आज होगा अंतिम संस्कार

## सड़क हादसे में भाजीपानी के दो युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

बाइक से भोपाल जा रहे भाजीपानी के दो युवक रामपुर - तानसी के बीच सड़क हादसे का शिकार हो गए । घटना से क्षेत्र वासी स्तब्ध हैं । दोनों युवकों का आज अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

मिली जानकारी के अनुसार भाजीपानी निवासी करीब 21 वर्षीय हेमंत कहार और उसका दोस्त करीब 19 वर्षीय मुजम्मिल खान सोमवार को बाइक से भोपाल के लिए निकले । हेमंत को गाड़ी का सामान लेना था , मुजम्मिल को भोपाल में कोई काम था । रामपुर - तानसी के बीच ये दुर्घटना का शिकार हुए । दुर्घटना कैसे हुई इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है , लेकिन राहगीरों ने दोनों को सड़क से दूर खेत में घायल अवस्था में देखा तो अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था बनाई ।

हेमंत के हाथ और सीने में गंभीर चोट बताई गई , तो मुजम्मिल को बंदी चोट आना बताया गया । दोनों घायलों को दमुआ में अस्पताल पहुंचाने के दौरान हेमंत ने रास्ते में दम तोड़ा , जबकि मुजम्मिल की इलाज के दौरान मौत होना बताया जा रहा है ।

मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया और शवों का पोस्ट मार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया । दुर्घटना के कारणों का पता लगाने पुलिस ने प्रयास शुरू कर दिए हैं । इधर दो जवान युवकों की मौत से क्षेत्र का माहौल ग़मगीन है । आज मंगलवार को दोनों युवकों का अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

## गढ़मऊ में तेंदुए का आतंक, खेत में बंधी गाय का किया शिकार

### ग्रामीणों में दहशत, वनविभाग सतर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

पांढुर्णा तहसील के गढ़मऊ क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। क्षेत्र के एक खेत में तेंदुए के हमले से गाय की मौत हो गई, जिसके बाद आसपास के गांवों में चिंता बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार किसान मधुकर कवडेती के खेत में बने कोठे में यह घटना हुई। सोमवार दोपहर जब किसान खेत पहुंचे तो उन्होंने अपनी गाय को मृत अवस्था में पाया। गाय के शरीर का आधा हिस्सा गायब था, जिससे किसी हिंसक जंगली जानवर के हमले की आशंका जताई गई।

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान खेत के आसपास तेंदुए के पदचिह्न मिले, जिससे स्पष्ट हुआ कि गाय पर तेंदुए ने हमला किया था। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों और किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। अधिकारियों ने कहा है कि शाम और रात के समय खेतों में अकेले न जाएं, मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर बांधें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना विभाग को दें। इस घटना के बाद गढ़मऊ क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का माहौल है और लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने तथा तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

### यातायात नियमों का पालन करने वाली महिलाओं का सम्मान



**छिंदवाड़ा।** चौकी सावरी, थाना लावाघोघरी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के तहत ग्राम साँवरी क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों की जांच की, जिसमें कई महिलाएं हेलमेट पहनकर वाहन चलाती हुई पाई गईं।यातायात नियमों के प्रति जागरूकता और सुरक्षा के प्रति सजगता दिखाने पर चौकी सावरी प्रभारी ने इन महिलाओं की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। पुलिस का यह प्रयास न केवल नियमों का पालन करने वालों को सम्मानित करना है, बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल माना जा रहा है।अभियान के दौरान पुलिस ने आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन का महत्व समझाया और हेलमेट के उपयोग को अनिवार्य बताया। पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि "महिला हो या पुरुष महान, हेलमेट से ही बचती जान।" चौकी सावरी पुलिस ने लोगों से आग्रह किया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें, क्योंकि आपकी सुरक्षा ही आपके परिवार की सुरक्षा है।

## कोल्ड्रिफ सिरप मामले में आरोपियों को झटका

### संयुक्त सुनवाई का आवेदन खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

माननीय सत्र न्यायालय छिंदवाड़ा ने 24 अप्रैल 2026 को बहुचर्चित कोल्डरिफ सिरप प्रकरण में आरोपियों द्वारा प्रस्तुत एक महत्वपूर्ण आवेदन पर सुनवाई करते हुए उसे निरस्त कर दिया। आवेदन में आरोपियों ने परासिया थाना के अपराध क्रमांक 296/2025 एवं कुंडीपुरा थाना के अपराध क्रमांक 769/2025 से संबंधित दोनों सत्र प्रकरणों की संयुक्त रूप से एक ही न्यायालय में सुनवाई कराने की मांग की थी।न



यायालय ने मामेले से संबंधित समस्त अभिलेखों का अवलोकन करने के साथ ही अभियोजन एवं बचाव पक्ष के तर्कों को विस्तार से सुना। सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि दोनों प्रकरणों के अपराध स्थल, पीड़ित, साक्ष्य एवं घटनाक्रम एक-दूसरे से भिन्न हैं। इन महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में संयुक्त विचारण न्यायोचित नहीं है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि न्यायिक प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक प्रकरण का परीक्षण उसके तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर स्वतंत्र रूप से किया जाए। इसी आधार पर आरोपियों का संयुक्त सुनवाई संबंधी आवेदन खारिज कर दिया गया।न्यायालय ने आगे यह भी निर्देशित किया कि दोनों प्रकरण अपने-अपने सक्षम न्यायालयों में लंबित रहेंगे तथा विधि अनुसार उनकी सुनवाई जारी रहेगी। साथ ही, आदेश की प्रति संबंधित न्यायालयों को प्रेषित करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि आगामी कार्यवाही नियमानुसार संचालित हो सके।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में शासन की ओर से लोक अभियोजक अजय पालीवाल ने पैरवी करते हुए न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उनके तर्कों को न्यायालय ने गंभीरता से लिया और निर्णय में महत्वपूर्ण माना।

इस निर्णय को न्यायिक प्रक्रिया की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे यह स्पष्ट होता है कि भिन्न परिस्थितियों वाले मामलों को एक साथ जोड़कर सुनवाई करना न्यायसंगत नहीं है। न्यायालय के इस आदेश से दोनों मामलों की सुनवाई अब स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ेगी, जिससे प्रत्येक प्रकरण में निष्पक्ष निर्णय सुनिश्चित हो सकेगा।

## स्लेक-स्टीम का खेल, सीआईएसएफ ने किया फेल



परासिया :- पेंच कोयला क्षेत्र की नेहरिया भूमिगत कोयला खदान में चल रहे स्लेक - स्टीम कोयले के खेल को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यानि कि सी आई एस एफ ने फेल कर दिया । जिस से इस खेल में शामिल लोगों को खासा नुकसान हुआ है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विगत शनिवार को नेहरिया भूमिगत कोयला खदान के बंकर से एक ट्रक कोयला भरकर कांटा करने पंहुचा , जहां तैनात सी आई एस एफ के जवान ने कोयले से सम्बंधित कागज देखे । बताया जा रहा है , कि कागज स्लेक कोयले के थे , लेकिन ट्रक में स्टीम कोयला भरा हुआ था , स्लेक कोयले से भरा हुआ था । पता चला है , कि इस मामले में कार्रवाई भी की गई है । बता दें , कि विगत दिनों परासिया विधायक व इंटक अध्यक्ष सोहन वाल्मीकि ने चिट्ठी लिखकर महाप्रबंधक को खदान में चल रहे इस खेल से आगाह किया था और इस खेल में क्षेत्रीय प्रबंधन के अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप भी लगाया था । बहरहाल कार्रवाई कितनी मजबूत हुई है , इसका पता अभी नहीं चल सका है , पर कोयला खदानों में स्लेक कोल के नाम पर स्टीम कोल का डिस्पैच होना कंपनी को आर्थिक नुकसान का बड़ा कारण बन रहा है ।

## भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत, तीन घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के उमरानाला क्षेत्र में सोमवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच हुआ, जब नागपुर से हज यात्रियों को छोड़कर सिंगोड़ी लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में सिंगोड़ी निवासी महिला नाज, वाहन चालक और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल नाज को नागपुर रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वहीं चालक और एक अन्य घायल ने छिंदवाड़ा अस्पताल में दम तोड़ दिया।

घायलों में रमजान, शहर बी और आस्मिन बानो शामिल हैं। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चालक को नींद का झोंका आने या वाहन से नियंत्रण खोने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### देर रात तेज आवाज में डी.जे. बजाने पर साउंड सिस्टम और वाहन जब्त

**छिंदवाड़ा।** देर रात तक तेज आवाज में डी.जे. बजाने की शिकायत पर देहात थाना पुलिस एवं राजस्व टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए साउंड सिस्टम और पिकअप वाहन जब्त किया है। यह कार्रवाई 26 अप्रैल 2026 की रात्रि करीब 10:40 बजे के बाद रानी कोठी गुरैया क्षेत्र में की गई।पुलिस को सूचना मिली थी कि आम रोड पर तेज आवाज में डी.जे. बजाया जा रहा है, जिससे आसपास के लोगों को असुविधा हो रही है। सूचना मिलते ही थाना देहात पुलिस एवं राजस्व अमला मौके पर पहुंचा और कार्रवाई करते हुए डी.जे. साउंड सिस्टम सहित पिकअप वाहन (क्रमांक **MP28G5681**) को जब्त कर थाना लाया गया।

## महिला चिकित्सक ने BMO पर लगाया अभद्रता, प्रताड़ना का आरोप

### थाने में पहुंचकर की शिकायत दर्ज, सैंकड़ों शिकायतों के बाद भी नहीं हट रहे बीएमओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंधराखेड़ी में पदस्थ महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूजा कंजलि ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. योगेश शुक्ला पर गंभीर आरोप लगाते हुए सौसर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। महिला डॉक्टर का आरोप है कि बीएमओ द्वारा उनके साथ न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, बल्कि जातिगत द्वेष भावना के चलते उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ति भी किया जा रहा है।

शिकायत के अनुसार, दिनांक 25 अप्रैल 2024 को जब डॉ. पूजा कंगाले सिविल अस्पताल सौंसर में अपनी 24 घंटे की इमरजेंसी ड्यूटी पर थीं, तब बीएमओ डॉ. योगेश शुक्ला ने कथित तौर पर शराब के नशे में प्रशासनिक व्हाट्सएप्प ग्रुप और व्यक्तिगत रूप से उनके खिलाफ अमर्यादित,अभद्र भाषा का प्रयोग किया। महिला चिकित्सक ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि बीएमओ का व्यवहार पूर्व में भी अन्य महिला चिकित्सकों के प्रति विवादित रहा है।

डॉ. पूजा ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया कि उनकी मूल पदस्थापना पंधराखेड़ी में होने के बावजूद उन पर कार्य का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। उन्हें मोहगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ-साथ सिविल अस्पताल सौंसर में भी सेवाएं देने के लिए विवश किया जाता है।

सौंसर में कई डॉक्टर तैनात होने के बावजूद सारा कार्यभार और पेचीदा मामले केवल डॉ. पूजा को ही सौंपे जा रहे हैं। डॉ. पूजा ने आरोप लगाया कि वे अनुसूचित जनजाति वर्ग से आती हैं, इसलिए उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। अन्य स्त्री रोग विशेषज्ञों से एमएलसी जैसे कार्य नहीं कराए जाते, जबकि उन्हें इसके लिए मजबूर किया जाता है।

महिला डॉक्टर का कहना है कि बीएमओ द्वारा उन्हें बात न मानने पर स्थानांतरण करवाने की धमकी भी दी गई है। पीड़ति महिला चिकित्सक ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर मांग की है कि कार्यस्थल पर गरिमा को ठेस पहुंचाने और मानसिक उत्पीड़न करने वाले अधिकारी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए।

### इनका कहना है

सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके शिकायत प्राप्त हुई है शिकायत की जांच करते हुए पत्र बनाकर सीएचएमओ छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा को प्रेषित की गई, करवाई और मामले को लेकर कमेटी गठित करते हुए जांच करवाई की जाएगी।

### भाजपा के मंडल अध्यक्ष गोपाल कवरेती और अरूण रघुवंशी ने की एसपी से शिकायत

## नाबालिग चालक से हादसा, चालक बदलने के आरोप: चौकी प्रभारी पर गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

खमारपानी क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के बाद अब मामला तूल पकड़ता जा रहा है। 11 फरवरी 2026 को नागपुर से आ रही पिकअप वाहन (MH40 CT 9590) ने एक दोपहिया को टक्कर मार दी थी, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन एक नाबालिग चालक देवेंद्र वचेकर (जन्म 01/01/2011) चला रहा था, जिसे स्थानीय लोगों ने मौके पर पकड़ लिया था।

आरोप है कि घटना के बाद चौकी प्रभारी रविन्द्र सिंह डोंगरा द्वारा कथित रूप से चालक बदलकर एक बालिग व्यक्ति के नाम से कार्रवाई दर्ज की गई और वाहन को सुपुर्दनामा पर छोड़ दिया गया। इस मामले में लेन-देन कर प्रकरण को प्रभावित करने के आरोप भी लगाए गए हैं। घटना से संबंधित वीडियो भी शिकायतकर्ताओं के पास सुरक्षित होने की बात कही जा रही है। मामले ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। भाजपा मंडल खमारपानी के अध्यक्ष **गोपाल कवरेती** सहित स्थानीय नेताओं ने चौकी प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों जैसे शराब तस्करी और पशु तस्करी को संरक्षण दिया जा रहा है। आरोप है कि महाराष्ट्र बॉर्डर से लगे होने का फायदा उठाकर अवैध रूप से पशुओं की आवाजाही कराई जाती है, जिसमें प्रति वाहन हजारों रुपए की वसूली होती है।



स्थानीय सूत्रों के अनुसार सप्ताह में विशेष दिनों बुधवार और शुक्रवार की रात पशुधन से भरी दर्जनों गाड़ियां क्षेत्र से गुजरती हैं। छोटे व्यापारियों से भी कथित रूप से वसूली किए जाने की बात सामने आई है। इस संबंध में 16 अप्रैल 2026 को पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी गई है। वहीं, सांसद विवेक बंटी साहू को भी पूरे मामले से अवगत कराते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित अधिकारी द्वारा सबूतों से छेड़छाड़ कर उच्च अधिकारियों को गुमराह किया गया। इस पूरे प्रकरण को लेकर भाजपा और अन्य संगठनों में आक्रोश का माहौल है।वहीं, चौकी प्रभारी रविन्द्र सिंह डोंगरा ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को निराधार बताया है।

उनका कहना है कि सभी कार्रवाई विधि अनुसार की गई है और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। उन्होंने स्टाफ की कमी को कार्य में देरी का कारण बताया और कहा कि अतिरिक्त बल मिलने पर व्यवस्था और बेहतर होगी। अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन और राजनीतिक नेतृत्व इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाते हैं, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

## शासकीय गांधी बालक प्राथमिक शाला, शासकीय रामचंद्र कन्या प्राथमिक शाला एवं शासकीय इंदिरा कन्या प्राथमिक शाला, पांढुरना की ओर से दिया ज्ञापन

# तीन प्राथमिक शालाओं के विलय का विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शहर की तीन शासकीय प्राथमिक शालाओं को सांदीपनी शाला में मर्ज किए जाने के प्रस्ताव का विरोध तेज हो गया है। शाला प्रबंधक समिति ने आज सोमवार को कलेक्टर पांढुरना को ज्ञापन सौंपकर तीनों शालाओं का विलय नहीं किए जाने की मांग की। ज्ञापन में समिति ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा-6 के अनुसार प्रत्येक एक किलोमीटर के दायरे में प्राथमिक विद्यालय होना अनिवार्य है। ऐसे में मौजूदा शालाओं को एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित अन्य विद्यालय में मर्ज करना नियमों के विपरीत होगा।

समिति ने बताया कि गांधी शाला, इंदिरा शाला और रामचंद्र शाला में विशेष आवश्यकता वाले बच्चे अध्ययनरत हैं। यदि शालाएं बंद की गईं तो इन बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि तीनों शालाओं में चुनावी मतदान केंद्र बनाए जाते हैं। शालाएं बंद होने की स्थिति में आगामी चुनावों में मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।समिति के अनुसार इन स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चे अध्ययन करते हैं। पहली से तीसरी कक्षा तक के छोटे बच्चों को पालक दूर स्थित विद्यालय भेजने के पक्ष में नहीं हैं। ऐसे में शालाओं के विलय की स्थिति में 50 प्रतिशत से अधिक बच्चों के स्कूल छोड़ने की आशंका है।



सुरक्षा को लेकर भी पालकों ने चिंता जताई है। सावरगांव, घनपेठ और गुजरी जैसे दूरस्थ वार्डों से आने वाले बच्चों को पुलिया पार कर स्कूल पहुंचना पड़ता है। बरसात के मौसम में बच्चों को दूर भेजना जोखिम भरा हो सकता है।शाला प्रबंधक समिति ने स्पष्ट किया कि सांदीपनी स्कूल खोले जाने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसके लिए किसी भी वर्तमान शाला को बंद नहीं किया जाना चाहिए।

समिति ने चेतावनी दी कि यदि स्कूलों का विलय किया गया तो पालक एवं छात्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। यह संयुक्त ज्ञापन शासकीय गांधी बालक प्राथमिक शाला, शासकीय रामचंद्र कन्या प्राथमिक शाला एवं शासकीय इंदिरा कन्या प्राथमिक शाला, पांढुरना की ओर से सौंपा गया।

## सड़क पर कचरा फेंकने व सिंगल यूज़ प्लास्टिक उपयोग पर निगम की कार्रवाई, 11 दुकानदारों पर जुर्माना

**छिंदवाड़ा।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में प्राइवेट बस स्टैंड एवं ईएलसी चौक क्षेत्र में सड़क पर कचरा फेंकने तथा प्रतिबंधित पॉलीथिन कैरी बैग एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग करने वाले 11 दुकानदारों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।निगम अमले ने कार्रवाई करते हुए कुल 6300 का जुर्माना वसूला। साथ ही दुकानदारों को समझाइश दी गई कि भविष्य में सड़क पर कचरा न फैलाएं और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें, अन्यथा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही के दौरान स्वच्छता निरीक्षक अरुण कुमार गढ़ेवाल, अनिल लोट, वार्ड सुपरवाइजर निकेश सारबान एवं प्रमोद मौसरे उपस्थित रहे।



## श्रीमद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर किया तर्पण



**छिंदवाड़ा।** संत आशाराम आश्रम लिंगा में आज श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर तर्पण किया । गत दिवस जिला भाजपा अध्यक्ष एव पूर्व मंडी अध्यक्ष शेषराव यादव जी के पूज्य पिता श्री सालिकराम यादव पिता श्री सदाराम यादव का परलोक गमन हो गया था। उनके मोक्ष के लिए श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर वैदिक रूप से तर्पण किया गया । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि शास्त्रों में आता हैं कि जिस व्यक्ति का शरीर छूट जाता है उनके मोक्ष हेतु तीसरा ,तेरवहीं ,गंगा पूजन का विधान है । किसी कारणवश यह सब ना कर पाएं तो श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर पुण्य अर्पण करने का भी विधान है । तीसरा , तेरवहीं और गंगा पूजन के साथ गीता पाठ भी कर सकते हैं । शेषराव यादव जी के हमेशा संस्था से मधुर संबंध रहें हैं । उन्होंने सन 1998 में पूज्य बापूजी से दीक्षा भी लिए हैं । इस दुख की घड़ी में संस्था शेषराव यादव ,सेवक यादव और बलराम यादव के साथ है । समिति समय समय पर जिले के गणमान्य और प्रबुद्ध जनों के लिए जिनका शरीर छूट गया है । उनके मोक्ष हेतु गीता पाठ कर पुण्य अर्पण करती हैं । साथ ही खजरीं आश्रम के पूर्व संचालक श्री हरीश मक्कड़ के मोक्ष के लिए भी पाठ कर तर्पण किया गया । इस अवसर पर साध्वी प्रतिमा बहन , साध्वी रेखा बहन , खजरींआश्रम के संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , सुभाष इंगले , नारायण ताम्रकार , अशोक कराडे , रामराव लोखंडे , कैलाश राउत , गोवर्धन मालवीय , विलास घोगें , बबलू सूरज प्रसाद माहोरे , तिलक सिंह पन्द्राम , पी आर शेरके , अशोक मोरे आदि मौजूद रहे।

## गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव में आज सोमवार को गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत एसडीम को एक ज्ञापन सौंपा गया। इसमें गौ माता को ₹राष्ट्र माता₹ और ₹राष्ट्रीय पशु₹ घोषित करने की प्रमुख मांग की गई। गौ सम्मान आव्हान जुन्नारदेव के पदाधिकारियों ने बताया कि भारत में गौ माता को धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से अत्यंत पूजनीय माना जाता है। हालांकि, वर्तमान में उनकी स्थिति चिंताजनक है। सड़कों पर आवारा घूमती गायें भूख, प्यास और दुर्घटनाओं का शिकार हो रही हैं, और कई गौशालाओं में भी उनकी उचित देखभाल नहीं हो पा रही है। ज्ञापन के माध्यम से गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने और उनके संरक्षण के लिए सख्त एवं प्रभावी नीतियां लागू करने की मांग की गई।



## बाल कपिश्वर कुंज में चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह

**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड नंबर 10 स्थित पंचशील कॉलोनी में सोमवार 27 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक धार्मिक उल्लास का वातावरण रहेगा। यहाँ नवनिर्मित मंदिर में बाल स्वरूप हनुमान जी कपीश्वर कुंज एवं नर्मदेश्वर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा का चार दिवसीय भव्य समारोह आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम का आगाज़ सोमवार, 27 अप्रैल को जलकलश यात्रा के साथ होगा। यह यात्रा दोपहर 03:30 बजे स्थानीय श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए प्राण प्रतिष्ठा स्थल तक पहुँचेगी। प्रथम दिवस पर मंडल रचना, मंडप प्रवेश और मूर्ति जलाधिवास जैसे अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। आयोजक समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, उत्सव के दौरान प्रतिदिन विशेष पूजन प्रक्रियाएं संपन्न होंगी 28 अप्रैल मंगलवार सुबह 09:30 बजे से मंडल पूजन, अन्नाधिवास, घृताधिवास, पुष्पाधिवास एवं फलाधिवास सहित अन्य महत्वपूर्ण औषधीय अधिवास संपन्न होंगे।

## समर कैंप में एथलेटिक्स एक्टिविटी का महाकुंभ,चार टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा समर कैंप के दौरान खिलाड़ियों के उत्साह, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 26 एवं 27 अप्रैल को एथलेटिक्स एक्टिविटी प्रतियोगिता का भव्य एवं रोमांचक आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय आयोजन ने विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय प्रांगण को ऊर्जा, उत्साह और खेल भावना से सराबोर कर दिया।

प्रतियोगिता को और अधिक रोचक बनाने के लिए खिलाड़ियों को चार टीमों उड़ान वॉरियर्स, चैंपियन चिंगारी, वीर शक्ति स्ट्राइकर और स्पीड स्टार में विभाजित किया गया। प्रत्येक टीम में 15-15 बालक एवं बालिकाएं शामिल रहे, जिन्होंने पूरे जोश और टीम भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 50 मी आइसक्रीम रेस,70 मीटर हर्डल जिगजैग रेस, 200 मीटर, 400 मीटर तथा 600 मीटर क्रॉस कंट्री जैसी चुनौतीपूर्ण स्पर्धाएं आयोजित की गईं।

## एक माह पहले नलकूपों का अधिग्रहण , सप्लाई अभी तक नहीं पानी को लेकर पब्लिक परेशान

### राहत के नाम पर बैठकें और एस्टीमेट

**परासिया :-** परासिया शहर की पब्लिक पानी को लेकर खासी परेशान है । जिसको राहत देने के नाम पर या तो बैठकें होती हैं , या फिर व्यवस्था बनाने के एस्टीमेट बनाया जाता है । एक माह पहले नगर पालिका ने दो नलकूपों का अधिग्रहण किया था लेकिन अभी तक न तो पाइपलाइन लगाई गई और न ही सप्लाई शुरू हुई है ।दिनों - दिन तापमान बढ़ रहा है , पानी भी खपत भी बढ़ रही है । लोगों को 9 से 10 दिन के अंतराल में पानी मिल रहा है । अध्यक्ष सिर्फ अध्यक्ष है , वित्तीय अधिकार एस डी एम के पास है । सी एम ओ व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं , भाजपाई पार्षद लोगों को व्यवस्थाएं जल्द ठीक होने का यकीन दिला रहे हैं , कोंग्रेसी पार्षद ज्ञापन दे दे कर परेशान हैं । मंधान डेम से पाइपलाइन का काम भी भगवान भरोसे है । लोगों में व्यवस्थाओं को लेकर आक्रोश पनप रहा है ।

लोगों को कम अंतराल में पानी दिया जा सके इसके लिए शहर के आसपास कई जल स्त्रोतों को तलाशा गया । पिछले माह मार्च 25 को खिरसा डोह में मोनू माहौरे (शासकीय स्कूल के समीप ) और पाठरे के नल कूप को अधिग्रहण किया गया , लेकिन आज तक इन अधिग्रहित नलकूपों से पानी सप्लाई किया जाना तो दूर पाइपलाइन तक नहीं बिछाई गई है । इस मामले में सी एम ओ योगेश बट्टी ने बताया की नलकूपों से शहर तक पानी लाने के लिए पाइपलाइन विस्तार और अन्य व्यवस्थाओं के लिए एस्टीमेट बना लिया गया है । जल्द ही सप्लाई की व्यवस्था बनाई जाएगी जिससे लोगों को राहत मिलेगी ।

## विद्यार्थियों ने जानें तनाव मुक्त रहने के तरीके

**बिछुआ।** शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में अप्रैल के चतुर्थ सप्ताह में राष्ट्रीय कार्यबल मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण हेतु पहल के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. पी. यादव के संरक्षण में एवं एनटीएफ कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अनिल अहिरवार के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की रूपरेखा और गतिविधियां कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक डॉ. मनीषा आमटे एवं आयोजन समिति के सदस्य डॉ. फरहत मंसूरी और डॉ. बिपिन मोखलगाय, डॉ शिवानी सोनी, डॉ नोखेलाल साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण एवं गतिविधियाँ निम्नलिखित रहीं। प्रेरणात्मक सत्र में छात्रों को एक मोटिवेशनल वीडियो दिखाया गया, जिससे उन्हें सफलता के प्रति प्रेरित किया जा सके। इसके बाद, छात्रों ने अपने सपनों और लक्ष्यों पर अपने विचार साझा किए। इसमें डॉ अनिल अहिरवार तनाव प्रबंधन पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ शिवानी सोनी में छात्र छात्राओं तनाव के नकारात्मक प्रभावों से अवगत कराया एवं इसका प्रबंधन कैसे किया जाए इस पर अपने विचार दिए।

### गौ माता को मिले राष्ट्र माता का दर्जा

## गौ सम्मान अभियान हेतु उकवा में भी सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज उकवा।

सम्पूर्ण भारत वर्ष में गौ संरक्षण एवं गौवंश के सेवा , सुरक्षा एवं सम्मान हेतु आज जनांदोलन के रूप में भारत देश के 5400 तहसीलों में एक साथ लाखों की संख्या में गौ भक्तों ने देश के राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा,इसी तारतम्य में उकवा में भी स्थानीय बस स्टैंड में सैकड़ों युवा जमा हुए और रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंच कर सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा,यह अभियान किसी संघटन का नहीं अपितु सम्पूर्ण देश के लाखों गौभक्तों सामाजिक संगठनों एवं समस्त देश वाशियो का है,इस ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना,संपूर्ण देश में गौ हत्या पर प्रति बंद लगाने हेतु ठोस एवं कठोर कानून बनाना,गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना,आदि अनेक मांगो का उल्लेख ज्ञापन में किया गया,जिस हेतु पहला चरण आज ज्ञापन के रूप में हुआ इसके पश्चात यह एक जनांदोलन के रूप में देश भर में अनेक आयोजन किए जाएंगे,गौ भक्तों ने बताया कि गौ वंश संरक्षण हेतु यदि समय रहते कोई ठोस नियम नहीं बनाए गए तो स्थिति ओर अधिक गंभीर हो सकती है,आज इस अभियान में उकवा के युवाओं ने बड़े गरम जोशी के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और इस अभियान को मजबूती प्रदान किया,आज उकवा में सौंपे गए इस ज्ञापन में उकवा गौ सम्मान प्रभारी मनोज अग्रवाल एवं सह प्रभारी जेम्स बारीक के साथ दिनेश बोपचे, एल सी करंडे, संतोष सोनी,निसार पांडे,समीर शर्मा ,जय शंकर यादव, रंजित अग्रवाल, नितिन कुमार,विशाल, लाला अग्रवाल, लोकेश बरपेटिया, समर पांडे, चुनेश, गगन, सचिन ,सौरभ, दीपक बघेल, अंशु, प्रेम कोरी, गौरव, आकाश गौनेकर, शौर्य, उज्ज्वल, शिशिर शर्मा,आशीष नाग, गोपेश हिरवानी ,आदि सैकड़ों की संख्या में स्थानीय युवा उपस्थित थे।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' का आयोजन 1 मई से, जिले के हर ब्लॉक में होंगे दो खेल

### खेलों के साथ फिटनेस, व्यक्तित्व विकास व सामाजिक जागरूकता पर रहेगा फोकस, लांजी में कबड्डी, वॉलीबॉल व एथलेटिक्स का प्रशिक्षण



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं माननीय मंत्री खेल और युवा कल्याण विभाग तथा जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के नेतृत्व में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' का आयोजन नवीन स्वरूप में 1 मई से किया जा रहा है। शिविर लगातार न्यूनतम 30 दिनों तक चलेगा।

यह शिविर खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ फिटनेस, व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक जागरूकता का समग्र मंच प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उत्कृष्ट खिलाड़ी बनने हेतु तैयार करना है। 'आरोह 2026' के नवीन उद्देश्यों में विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि विकसित करना, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान एवं प्रोफाइलिंग, व्यक्तित्व विकास व नेतृत्व क्षमता का निर्माण, परिवार एवं समाज को फिटनेस संस्कृति से जोड़ना तथा महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में खेलों से जोड़कर प्रशिक्षण देना शामिल है।

ब्लॉक समन्वयक (खेल और युवा कल्याण विभाग) प्रज्ञात वासनिक ने बताया कि जिले के हर विकासखंड में न्यूनतम दो खेलों का चयन कर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना है। इसके तहत विकासखंड लांजी में कबड्डी, वॉलीबॉल एवं एथलेटिक्स खेलों का चयन किया गया है। शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को लगातार प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतिभावान खिलाड़ियों को चिन्हित कर उन्हें खेल अकादमियों के लिए आयोजित प्रतिभा खोज कार्यक्रम में प्रतिभागिता हेतु भेजा जाएगा। नगर के सभी विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनने तथा अपने खेल को निखारने की अपील की गई है।

### पार्षद ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

## बस स्टेंड में लगने वाली एलईडी विज्ञापन स्क्रीन का विरोध



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद मनीष चौकसे ने आगामी 1 मई अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के दिन से धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने बस स्टेंड में लगने वाली एलईडी विज्ञापन स्क्रीन का विरोध करते हुए अनुमति को निरस्त करने और स्क्रीन लगाने के लिए तैयार किए गए ढांचे का ध्वस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रशासन ने कुछ वर्ष पूर्व बस स्टेंड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान गरीबों को हटाया गया था आज उसी स्थान पर बिना परिषद की सहमति के एलईडी विज्ञापन स्क्रीन लगाई जा रही है जो सरासर गलत है। जानकारी अनुसार वारासिवनी के एक शख्स के द्वारा नगर परिषद से विधिवत अनुमति लेकर एलईडी विज्ञापन स्क्रीन लगाई जा रही है। जिसके लिए बकायदा अनुमति भी ली गई है। इंजीनियर राजेश चौकसे ने अनुमति प्रदान की। जिसके बाद ही स्क्रीन लगाने की लिए ढांचा तैयार हुआ है। मनीष चौकसे ने बिना परिषद की जानकारी के अनुमति प्रदान करने वाली इंजीनियर के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की है।

### झूठी व भ्रामक जानकारी देकर शिकायतों को बंद करवा रहे नपा अधिकारी

## नगरपालिका वारासिवनी उड़ा रही सी एम हेल्पलाईन की धज्जियाँ

### लीज की भूमि पर पक्की तीन मंजिला दुकानें बन कर तैयार और निर्माण कार्य बंद बता कर शिकायत को बंद करवाने का प्रयास

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनता की समस्याओं को दूर करने और विभिन्न अनियमितताओं को दूर करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन ने सी एम हेल्पलाईन प्रारंभ की है। लेकिन नगरपालिका परिषद वारासिवनी में सी एम हेल्पलाईन में की गई शिकायतों की धज्जियॉ उड़ाई जा रही है और झूठी व भ्रामक जानकारी देकर शिकायतों को बंद करवाने का कार्य किया जा रहा है।

इसका एक उदाहरण गत दिनों देखने में आया, जब नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा दी गई एक वर्ष की अस्थायी लीज की शासकीय भूमि पर लीजधारियों द्वारा बिना अनुमति के आरसीसी स्लेब का पक्का निर्माण कार्य करने की शिकायत एक शिकायतकर्ता द्वारा 2 नवम्बर 2025 को की गई थी, जिसका शिकायत क्रमांक 35188672 था। इस शिकायत को नगरपालिका परिषद वारासिवनी के अधिकारियों द्वारा भ्रामक जानकारी देकर 19 जनवरी 2026 को बंद करवा दिया गया है। शिकायत को बंद करने में शिकायतकर्ता की स्वीकृति भी हासिल नहीं की गई।

जब शिकायतकर्ता को इस बात की जानकारी लगी, तो उसके द्वारा पुनः 25 फरवरी 2026 को सीएम हेल्पलाईन में पूर्व शिकायत का उल्लेख करते हुए शिकायत की गई कि नगरपालिका परिषद वारासिवनी के अधिकारियों द्वारा झूठी व भ्रामक जानकारी देकर शिकायत को बंद करवाया गया है, जबकि जिन दुकानों के निर्माण कार्यो की शिकायत की गई थी, वह दुकाने बन कर खड़ी हो चुकी है और नगरपालिका निर्माण कार्य बंद होने की झूठी जानकारी दे रही है।

जिसके बाद एक बार फिर शिकायत जॉच व कार्यवाही के लिए नगरपालिका परिषद वारासिवनी के अधिकारियों के पास पहुॅची। जिस पर लगभग 2 माह तक तो नगरपालिका के अधिकारीगण चुप्पी साधे रहे और फिर उसके बाद उनके द्वारा 22 अप्रैल 26 को निर्माण कर्ताओं को विभिन्न तारीखों में नोटिस देने और उनका निर्माण कार्य बंद होने का हवाला देकर शिकायत को बंद करवाने का प्रयास किया गया।



जबकि जिन दुकानों के निर्माण कार्य की शिकायत की गई थी, उनमें से एक दुकान पूरी तरह से बन कर तैयार हो गई है और वहॉ पर लीजधारी द्वारा व्यवसाय भी प्रारंभ कर दिया गया है। वहीं दूसरी दुकान भी बनकर पूर्ण हो गई है और इनके अलावा भी अन्य दुकानें पूर्ण होने की कगार पर है।

वास्तविक स्थिति यह हैं कि नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा एक वर्ष की अस्थायी लीज की शासकीय भूमि पर बिना अनुमति के आरसीसी स्लेब का पक्का निर्माण करने वाले लीजधारियों को सिर्फ नोटिस देकर इतिश्री की जा रही है। नोटिस देने के अलावा आज तक नगरपालिका परिषद के अधिकारियों द्वारा उन लीजधारियों पर किसी भी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई है। जिन लीजधारियों को नोटिस देकर निर्माण कार्य बंद होने की बात कहकर शिकायत को बंद करवाने का प्रयास किया गया है। उन लीजधारियों में से कुछ लीजधारियों द्वारा अपना निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है और कुछ लीजधारियों का निर्माण कार्य पर्दे की आड़ में प्रारंभ है।

## रिसेवाड़ा में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, पति पर हत्या का संदेह

### सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले, दो मासूम बच्चों को छोड़ गई मृतका; आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बहेला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिसेवाड़ा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान नंदिनी पति योगराज नाईक (27) निवासी वार्ड क्रमांक 11, रिसेवाड़ा के रूप में हुई है। महिला का शव उसके घर में संदिग्ध अवस्था में मिलने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घटना रविवार रात करीब 9:30 बजे की बताई जा रही है। मृतका के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि किसी घरेलू विवाद के दौरान लकड़ी के डंडे से हमला किया गया, हालांकि पुलिस ने अभी इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। संदेह के आधार पर मृतका के पति की भूमिका को लेकर जांच की जा रही है। घटना के बाद से पति के फरार होने की भी जानकारी सामने आ रही है। मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गई है, जिनमें एक 5 वर्षीय बेटा और 3 वर्षीय बेटी शामिल हैं। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही बहेला थाना प्रभारी राम कुमार रघुवंशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।परिस्थिति को संदिग्ध मानते हुए एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। एफएसएल टीम के पहुंचने तक शव को घटनास्थल पर यथावत रखा गया। मौके पर एसडीओपी ओमप्रकाश, तहसीलदार हिम्मत सिंह भवेदी, एएसआई राम सिंह नर्रे, पटवारी एवं बहेला पुलिस टीम ने जांच कार्रवाई की। तहसीलदार द्वारा पंचनामा तैयार किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आरोपी की तलाश तेज कर दी है। मामले की जांच जारी है।



खबर संक्षेप

## कार और बाइक की टक्कर, बाइक सवार युवक गंभीर घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के धूमा से गोटेगांव मार्ग पर तिग्गड़े के पास सोमवार दोपहर एक कार और बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, बाइक सवार युवक धूमा से गोटेगांव की ओर जा रहा था। तिग्गड़े के पास सामने से आ रही कार से उसकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक सवार सडक़ पर गिर गया। इस हादसे में कार का सामने का कांच भी फूट गया।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को संभाला और प्राथमिक उपचार दिया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे सिविल अस्पताल लखनादौन रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर धूमा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया है।

पुलिस फिलहाल घायल युवक की पहचान और उसके निवास स्थान की जानकारी जुटा रही है।धूमा थाना प्रभारी डोमन सिंह मारवी ने बताया कि घायल को बेहतर इलाज के लिए लखनादौन भेजा गया है। घायल के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही माना जा रहा है।



## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने भाजपा विधायक दल की बैठक मे सहभागिता किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सोमवार 27/04/2026 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक मे सहभागिता किया।आज भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन मे आयोजित भाजपा विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सहभागिता किया। उक्त बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल जी ने संबोधित करते हुए आगामी योजनाओं और संगठन की मजबूती पर चर्चा किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं विधायक दल के महामंत्री शैलेन्द्र जैन मंचासीन रहे। तथा बैठक का संचालन संसदीय कार्य मंत्री एवं मुख्य सचेतक कैलाश विजयवर्गीय द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं सभी भाजपा विधायक गणों की उपस्थिति रही।

## घोघरीमाल पंचायत में पंचायती राज दिवस पर ग्रामीणों ने लिया जल संरक्षण का संकल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** धनौरा जनपद की ग्राम पंचायत भवन घोघरीमाल में पंचायती राज दिवस मनाया गया जिसमें जनपद पंचायत धनौरा के अध्यक्ष गुलाब सिंह भलावी, सीईओ ओंकार सिंह ठाकुर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र सिंह राजपूत,खंड पंचायत अधिकारी आनंद ऊइके ने पहुंचकर ग्रामीणों को बधाइयां दीं। श्री राजपूत ने पंचायत भवन में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों,ग्रामीणों के समक्ष गांव की न्यूनतम जल स्तर पर चिंता प्रकट करते हुए सभी घरों में वर्षा जल को सहेजने के लिए चलाए जा रहे नवाचार की तकनीकी जानकारी और इसके दूरगामी प्रभाव को समझाया, उपस्थित जनों ने इस नवाचार को पूरी गम्भीरता से समझकर हर परिवार में इसकी स्थापना की कर घोघरी गांव को जल संकट से सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

सचिव शमशेर खान ने इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सभी कार्यों और चल रहे अभियानों की विस्तार से जानकारी दी। आयोजित ग्राम सभा में सरपंच श्रीमती जानकी मरकाम, उपसरपंच श्रीमती ,रामकली उई के पंच ब्रजेश पटेल , संतोष झरिया , श्रीमती नीतू चौहान , मेट पूनम झारिया समेत शिक्षा विभाग,आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# सुपरवाइजर शौकत अली पर गंभीर आरोप मल्टी टास्क वर्करों का लगातार 8 महीनों से पीएफ गायब

### श्रमिकों का पीएफ हड़प, भर्ती में खेल अधिकारियों की चुप्पी पर उठे तीखे सवाल

### सिवनी में सिस्टम बेलगाम, जब नियम किताबों में बंद हो जाएं और भर्ती बाजार बन जाए तो व्यवस्था पर भरोसा कैसे बचेगा?

**हरिभूमि संवाददाता मुकेश साहू –** जिले में शासन के नियम अब सिर्फ कागजों तक सीमित नजर आ रहे हैं। जमीनी हकीकत यह है कि श्रमिकों के अधिकारों को खुलेआम कुचला जा रहा है और जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

#### 8 माह से पीएफ गायब श्रमिक ठगा, सिस्टम खामोश

सुपरवाइजर शौकत अली पर गंभीर आरोप हैं कि मल्टी टास्क वर्करों का लगातार 8 महीनों से पीएफ न काटा गया, न जमा किया गया। सूत्रों के मुताबिक इस पूरे खेल में मृत्युंजय ट्रेडर्स, इंदौर की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। सवाल सीधा है क्या श्रमिकों की गाढ़ी कमाई को जानबूझकर रोका गया?

#### कानून की धज्जियां खुला उल्लंघन

कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 स्पष्ट कहता है पीएफ काटना अनिवार्य, समय पर जमा करना बाध्यकारी, उल्लंघन पर दंड तय लेकिन यहां 8 माह से पीएफ जमा नहीं श्रमिकों को कोई हिसाब नहीं अधिकारी पूरी तरह मौन यह लापरवाही नहीं, सीधा अधिकार हनन है।

#### ब्लैकलिस्ट फर्म के बाद भी भुगतान किसके इशारे पर?

सबसे चौंकाने वाला खुलासा जिस फर्म को कथित रूप से ब्लैकलिस्ट किया जा चुका था, उसी सिस्टम को दरकिनार कर दूसरी फर्म से भुगतान कर दिया गया। यह क्या दर्शाता है? नियमों को जानबूझकर कुचलने का सुनियोजित खेल।

#### प्रशासन कटघरे में मौन क्यों?

भुगतान किसके आदेश से हुआ? जिम्मेदार अधिकारी अब तक



चुप क्यों? क्या पूरा मामला मिलीभगत का है? अगर जवाब नहीं है, तो सवाल और गहरा होता है क्या सिस्टम खुद इस खेल में शामिल है?

#### श्रमिकों में आक्रोश भविष्य पर संकट

पीड़ित श्रमिकों का कहना है लगातार टालमटोल हो रही है पीएफ का कोई रिकॉर्ड नहीं हमारा भविष्य असुरक्षित हो गया साफ है मजदूर पिस रहा है, और व्यवस्था खामोश है।

#### पुराना काला सच फिर उजागर लखनादौन भर्ती घोटाला

नियम कुचलकर बांटी गई नौकरियां स्वास्थ्य विभाग में ठेकेदारी भर्ती का मामला फिर सुर्खियों में मल्टी टास्क वर्कर भर्ती में शासन के नियमों को खुलेआम नजरअंदाज किया गया।

नियम क्या कहते हैं?

सार्वजनिक विज्ञापन, आवेदन आमंत्रण, मेरिट सूची, पारदर्शी चयन हकीकत क्या रही? कोई विधिवत विज्ञापन नहीं मेरिट सूची सार्वजनिक नहीं चयन प्रक्रिया संदिग्ध पैसा और सिफारिश बना चयन का आधार?

#### परिवारवाद और भ्रष्टाचार के आरोप

सूत्रों के अनुसार योग्य उम्मीदवारों को बाहर किया गया पैसे और पहुंच वालों को प्राथमिकता एक ही परिवार/परिचितों को लाभ यह सिर्फ गड़बड़ी नहीं सीधा भ्रष्टाचार, पक्षपात और पद का दुरुपयोग है।

#### एक ही दिन में दो आदेश जांच से बचने की जल्दबाजी?

रिकॉर्ड बताते हैं एक ही दिन में दो अलग आदेश जारी कर प्रक्रिया को तेजी से निपटाया गया बड़ा सवाल क्या जांच से बचने के लिए यह खेल रचा गया? संवैधानिक उल्लंघन भी संभव इस पूरे मामले में संभावित उल्लंघन मध्यप्रदेश सिविल सेवा भर्ती नियम पारदर्शिता दिशा-निर्देश संविधान अनुच्छेद 14 और 16 (समान अवसर का अधिकार) युवाओं के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़।

#### जनता पूछ रही जवाब कौन देगा?

क्या दोषियों पर एफआईआर होगी? क्या जिम्मेदारी तय होगी? या मामला फाइलों में दब जाएगा? जब नियम किताबों में बंद हो जाएं और भर्ती बाजार बन जाए तो व्यवस्था पर भरोसा कैसे बचेगा?

#### अब कार्रवाई कब?

सिवनी-लखनादौन का यह मामला सिर्फ अनियमितता नहीं यह श्रमिकों के अधिकार, युवाओं के भविष्य और शासन की विश्वसनीयता पर सीधा हमला है। अब चुप्पी नहीं चलेगी जवाब भी चाहिए, कार्रवाई भी।

## ग्राम देहवानी में गेहूं खरीदी केंद्र खोलने की मांग, आमरण अनशन पर बैठे किसान




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम देहवानी में गेहूं खरीदी केंद्र खुलवाने की मांग को लेकर ग्राम देहवानी, ग्वारी, सालीवाड़ा, किमाची के किसान दिनांक 26/04/2026 से आमरण अनशन में बैठे। कलेक्टर मैडम से निवेदन है कि ग्राम देहवानी में उपार्जन केंद्र खुलवाने की कृपा करें।

## विश्व कप प्रतियोगिता में हेमंत बर्मन ने भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए फाइनल में रजत पदक जीता



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 19 -27 अप्रैल 2026 को इजिप्ट के काहिरा में चल रही राइफल/पिस्टल/शॉटगन शूटिंग जूनियर विश्व कप प्रतियोगिता में सिवनी के कुरई विकासखंड स्थित छोटे से गाँव कोदाझिरी के हेमंत बर्मन ने भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए फाइनल में रजत पदक प्राप्त किया।

हेमंत बर्मन, भूतपूर्व शिक्षक भारत बरमैया (बटोही) के सुपौत्र (नाती) हैं। हेमंत ने पूरे बरमैया परिवार को गौरवांवित किया है, इस परिवार की ओर से शुभाशीष, हम सब उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# सिवनी में करंट लगाकर बाघ की हत्या, खेत के कुएं में मिला शव; वन विभाग की जांच तेज

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के दक्षिण सिवनी सामान्य वनमंडल अंतर्गत एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक बाघ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत के कुएं में मिला। प्रारंभिक जांच में बाघ की मौत विद्युत करंट (विद्युत प्रवाह) से होने की पुष्टि हुई है। घटना के बाद वन विभाग ने जांच तेज कर दी है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 अप्रैल 2026 को वन विभाग को सूचना मिली कि ग्राम चारगांव, तहसील सिवनी में कृषक शंकर खान के खेत स्थित कुएं में एक बाघ का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि बाघ का शिकार



करंट लगाकर किया गया और बाद में शव को कुएं में फेंक दिया गया। मौका स्थल सिवनी परिक्षेत्र के एरपा बीट कक्ष क्रमांक-08 से लगभग 6-7 किलोमीटर की दूरी पर राजस्व क्षेत्र में स्थित है। वन विभाग ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के दिशा-निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए श्वान दल (कुत्ता दस्ते) की मदद से आसपास के क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया।

जांच के दौरान घटनास्थल से करीब 50 मीटर की दूरी पर विद्युत करंट से जुड़े साक्ष्य, जले हुए तार, फूटी हुई बिजली सामग्री समेत अन्य अहम सबूत जब्त किए गए हैं। इसके बाद बाघ के शव को कुएं से निकालकर सुरक्षित रखा गया और पूरे क्षेत्र का पुनः निरीक्षण किया गया। 27 अप्रैल 2026 को निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत बाघ का मरणोपरांत परीक्षण (पोस्टमार्टम) किया गया, जिसमें विद्युत करंट से मौत की पुष्टि हुई। परीक्षण के बाद नियमानुसार शव का अंतिम निस्तारण किया गया।

वन संरक्षक सिवनी, सुश्री संध्या तथा वनमंडलाधिकारी महेंद्र सिंह उइके के मार्गदर्शन में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। वन विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि इस घटना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर तत्काल विभाग को सूचित करें। सूचना देने वालों के लिए 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया है और उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने सौंपा ज्ञापन

जिला सिवनी मे आज गौ सम्मान आवाह्न अभियान के दौरान अब हमें बड़ा सौभाग्य मिला की हमारी गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने के लिए तहसीलदार महोदय के माध्यम से प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन देने का अवसर प्राप्त हुआ। जय गौ माता जय गोपाल। जिससे अभियान के जिला संरक्षक धनराज मानाठाकुर ,अभियान के जिला उपसंरक्षक पिंकेश विश्कर्मा, गुरु श्रीवास ,अभय शर्मा ,कान्हा श्रीवास, गोविंदप्रसाद अवस्ती ओर उनकी टिम हिन्दू सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष सुभम मेहरा जिला महामंत्री स्वयं तिवारी और हमारी मातृशक्ति भी शामिल रही और अन्य लोग भी शामिल रहे।



## कान्हीवाड़ा में पेयजल संकटः मीडिया में खबर चलते ही हरकत में आए अधिकारी

**कान्हीवाड़ा।** ग्राम पंचायत कान्हीवाड़ा में लंबे समय से चल रहे पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों द्वारा बार-बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यहां तक कि केवलारी विधायक रजनीश हरवंश सिंह द्वारा लिखित पत्र दिए जाने के बावजूद भी प्रशासनिक स्तर पर उदासीनता बनी रही। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब गांव के नल चालक ने पानी सप्लाई करने से मना कर दिया, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मजबूर होकर ग्रामीणों ने अपनी समस्या को प्रिंट मीडिया के माध्यम से उठाया। मीडिया में खबर प्रसारित होते ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पी एच ई ) के अधिकारी हरकत में आए। अगले ही दिन अधिकारी कान्हीवाड़ा पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने नए बोरवेल के लिए स्थान का निरीक्षण किया और जल्द ही बोरिंग मशीन भेजकर कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया।

# चाकूबाजी पर डूण्डासिवनी पुलिस की सख्त कार्यवाही, तीन आरोपी पहुंचे जेल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा गुण्डा बदमाशो व चाकूबाजो पर सख्त कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है। साथ जनता को भय मुक्त वातावरण हेतू प्रयत्नशील रहते है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं सी.एस.पी. सिवनी श्रीमति सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डूण्डासिवनी चैनसिंह उईके द्वारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी चाकूबाजी की घटना पर सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है। दिनांक 24/04/2026 को प्रार्थी गयाप्रसाद सनोडिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम डोरलीछतरपुर मे रात्रि लगभग 11 बजे क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर वाद विवाद हुआ, जिसमें आरोपी उदय सनोडिया अपने साथियों के साथ प्रार्थी के घर के सामने पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से धारदार हथियार (बका) से हमला कर दिया। घटना में प्रार्थी गयाप्रसाद सनोडिया, उनके पुत्र अंकित सनोडिया एवं पुत्री रोशनी सनोडिया घायल हो गए।

घायलों को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल सिवनी में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ की गई एवं तत्परता से कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार बरामद किया गया है। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक सिवनी ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु इस प्रकार की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की विवाद/संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

गिरफ्तार आरोपी मे उदय सनोडिया पिता तिजू सनोडिया उम्र 22 साल निवासी बाडीवाड़ा थाना डूण्डासिवनी जिला सिवनी। अंकित पिता आशोक उके उम्र 23 साल निवासी बाडीवाडा थाना डूण्डासिवनी जिला सिवनी। अंकित पिता रामस्वरुप मर्सकोले उम्र 23 साल निवासी बाडीवाड़ा थाना डूण्डासिवनी जिला सिवनी। सराहनीय कार्यः निरीक्षक चैनसिंह उइके के नेतृत्व मे डूण्डासिवनी थाना स्टाफ।

# जिले में गेहूं खरीदी को लेकर किसान आक्रोशित, कान्हीवाड़ा मार्ग पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्राम स्तर से लेकर खरीदी केंद्रों तक अव्यवस्थाओं के कारण किसानों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में सैकड़ों किसानों ने एकत्रित होकर प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। किसानों का आरोप है कि खरीदी केंद्रों पर बार-बार तकनीकी कारण बताकर गेहूं खरीदी में देरी की जा रही है। टोकन जारी होने के बाद भी समय पर तुलाई नहीं हो रही, जिससे किसानों को कई दिनों तक



केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। परिवहन और भंडारण की समुचित व्यवस्था नहीं होने से किसानों का गेहूं खुले में पड़ा है, जिससे खराब होने का खतरा बढ़ गया है। इसी आक्रोश के बीच कान्हीवाड़ा मार्ग पर श्री राम ठाकुर के साथ सैकड़ों किसान धरने पर बैठ गए, जिससे कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित हुआ। किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई। ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया जाए, टोकन के अनुसार समय पर तुलाई सुनिश्चित की जाए, तथा परिवहन और भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। साथ ही, जिन किसानों का गेहूं देरी या अव्यवस्था के कारण खराब हो रहा है, उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

### भीमगढ़ रोड तिराहा में आए दिन लगता जाम

# रोजाना हो रहे राहगीर परेशान, कब जागेगा प्रशासन?

**छपारा। नगर के भीमगढ़ रोड तिराहा पर प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**



सडक़ के दोनों ओर हुए अतिक्रमण के चलते मार्ग संकरा हो गया है, जिससे भारी वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है और प्रतिदिन घंटों यातायात प्रभावित रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर प्रशासन को सडक़ के दोनों किनारों से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाकर मार्ग को चौड़ा करना चाहिए, ताकि इस टर्निंग पॉइंट पर वाहनों की आवाजाही सुगम हो सके।

इसके साथ ही एक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में भीमगढ़ रोड से गौहर कॉम्प्लेक्स के सामने होकर अस्पताल रोड को जोडऩे वाले मार्ग पर अंडरपास/मुख्य मार्ग निर्माण की मांग भी उठ रही है, जिससे ट्रैफिक का दबाव कम किया जा सके।

विदित हो कि छपारा नगर क्षेत्र में कृषि और व्यापार की दृष्टि से जिले का महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में भारी वाहन आते-जाते हैं। वहीं आने वाले समय में खुर्सीपार ग्राम की पहाड़ी पर औद्योगिक क्षेत्र शुरू होने से यातायात का दबाव और भी बड़ी संख्या बढऩे की संभावना है। ऐसे में नगर प्रशासन और जिम्मेदार विभागों को जल्द समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। साथ ही आम लोगों को दुर्घटना की आशंका से राहत मिल सके।

## कान्हीवाड़ा हाल्ट स्टेशन की समस्याओं को लेकर जीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिवनी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के जनरल मैनेजर तरुण प्रकाश एवं नागपुर डिवीजन के डिविजनल मैनेजर दीपक कुमार गुप्ता के सिवनी आगमन पर कान्हीवाड़ा हाल्ट स्टेशन की विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन ब्रॉड गेज रेल संघर्ष समिति के नेताओं के साथ एम. नईम खान द्वारा प्रेषित किया गया। ज्ञापन में प्रमुख रूप से कान्हीवाड़ा स्टेशन पर ट्रेन स्टाफ की मांग उठाई गई। बताया गया कि नागपुर मंडल का यह एक प्रमुख हाल्ट स्टेशन है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों का आवागमन होता है। इसके बावजूद यहां आवश्यक स्टाफ की व्यवस्था नहीं है। जबकि छिंदवाड़ा जिले के छोटे हाल्ट स्टेशन हृदयगढ़ एवं जंबाला में 3 सितंबर 2025 से पंचवेली एक्सप्रेस (19344/19343) का स्टाफ उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा स्टेशन तक पहुंचने के लिए बनाई गई नई एप्रोच रोड पर प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से यात्रियों को विशेषकर रात्रि में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वृद्धजन एवं महिलाओं को अधिक दिक्कत होती है। मांग की गई कि स्टेशन की स्ट्रीट लाइट के दो खंभे आगे बढ़ाकर इस समस्या का समाधान किया जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि स्टेशन परिसर में पलारी दिशा की ओर की गई लोहे की फेंसिंग अधूरी पड़ी है, जिसे शीघ्र पूर्ण किया जाना चाहिए। साथ ही नैनपुर से प्रातः 5 बजे चलने वाली पैसेंजर गाड़ी संख्या 58826 का समय बदलकर सुबह 6 बजे किए जाने की मांग की गई, ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके। स्टेशन पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

## वन विभाग की टीम ने कुएं के अंदर से निकाले बाघ के दांत

# चार दिन पहले मिला था बाघ का शव, जांच में तीन आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में बाघ के शिकार का गंभीर मामला सामने आया है। शिकारियों ने बाघ को मारने के बाद उसके दांत उखाड़ लिए और उन्हें कुएं में फेंक दिया। वन विभाग ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

घटना पूर्व बैहर परिक्षेत्र के जत्ता बीट की है, जहां वन विभाग को बाघ का शव मिला था। पोस्टमार्टम में पता चला कि बाघ के चारों बड़े दांत गायब थे। इसके बाद मामला संदिग्ध हो गया और जांच शुरू की गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर डॉग स्क्वॉड की मदद से जांच की गई। इसी दौरान गांव के एक कुएं से बाघ के दांत बरामद हुए। शिकारियों ने दांतों को कपड़े में लपेटकर पत्थर बांधकर कुएं में फेंक दिया था।

वन विभाग ने इस मामले में जत्ता निवासी अशोक उईके, भुनेश तेकाम और सालिकराम को गिरफ्तार किया है। तीनों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाघ की मौत का सही कारण जानने के लिए नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। इस कार्रवाई में वन विभाग की टीम ने अहम भूमिका निभाई। अधिकारियों और वनरक्षकों ने मिलकर पूरे मामले का खुलासा किया।

## नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित करने के त्वरित प्रयास, जबलपुर टीम रवाना

# ओवरलोड से ट्रासफार्मर हुआ फेल तो विद्युत विभाग ने किया लोड डायवर्ट

### शीघ्र विद्युत आपूर्ति बहाल होगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



वर्तमान में ग्रीष्मकाल का दौर है और विद्युत व्यवस्था पर निर्भरता अधिक है ऐसे में अचानक लोड बढने की समस्याओं का सामना विभागीय अधिकारियों को करना पड़ रहा है इसपर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विद्युत विभाग की टीम लगातार निगरानी बरत रही है और उपभोक्ताओं हेतु विद्युत प्रवाह बनाये रखने के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे है। 27 अप्रैल की रात्रि में मोतीनगर उपकेन्द्र का एक पॉवर ट्रांसफार्मर ओवरलोड भार आने पर तकनीकी कारणों से आकस्मिक रूप से फेल हो गया जिससे संबंधित फिडर की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई जिसपर विभागीय अधिकारियों के निर्देशन में टीम के द्वारा अन्य पावर ट्रांसफार्म पर सफलतापूर्वक लोड डायवर्ट कर राहत दी गई। जानकारी में बताया गया कि नया ट्रांसफार्मर स्थापित किये जाने की जरूरत है ऐसे में जबलपुर के लिये टीम की रवानगी कर दी गई है और अविलंब इसे स्थापित करने के प्रयास किये जा रहे है। बताया गया कि प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह यथा संभव बनाए रखने हेतु वर्तमान में मोतीनगर एवं बुढी/पावर हाउस कॉलोनी उप केंद्र के अन्य पावर ट्रांसफार्मरों पर लोड डायवर्ट किया गया है। इस कारण अस्थायी रूप से कम वोल्टेज की विद्युत आपूर्ति कुछ स्थानों पर प्राप्त होना संभावित है। स्थिति के स्थायी समाधान हेतु पर्याप्त क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाना आवश्यक है, जिसके लिए कार्यवाही जारी है। प्रभवित फीडर में रेलवे स्टेशन, गायखुरी, निर्मल नगर, टाउन-3 को लेकर प्रभावी कार्ययोजना पर अमल किया गया है। रात्रि में ही तकनीकी टीम पावर ट्रांसफार्मर लाने हेतु जबलपुर के लिए रवाना कर दी गई है तथा प्रातःकाल से ही आवश्यक समन्वय, व्यवस्था एवं स्थापना संबंधी तैयारियां निरंतर की जा रही हैं। पावर ट्रांसफार्मर के अधिक भार एवं ऊँचाई तथा मार्ग में विद्युत लाइनों क्रॉसिंग आदि के कारण तीव्र गति से परिवहन संभव नहीं हो पाता फिर भी पूर्ण तत्परता के साथ ट्रांसफार्मर लाने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है। सुचारू एवं सुरक्षित कार्य के लिये सहयोग की अपील ट्रांसफार्मर स्थापना हेतु आवश्यक तकनीकी परीक्षण, सुरक्षा मानकों का पालन एवं साइट तैयारी सहित समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। ट्रांसफार्मर प्राप्त होते ही उसे स्थापित कर परीक्षण उपरांत तत्काल विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। इस दौरान विद्युत विभाग द्वारा ग्राहकों से अनुरोध किया गया है कि धैर्य बनाए रखें एवं विद्युत व्यवस्था के शीघ्र सामान्यीकरण में सहयोग करें। आपका सहयोग विभाग को कार्य को सुचारु एवं सुरक्षित रूप से पूर्ण करने में सहायक होगा। सूचना प्राप्त करने एवं शिकायतों के लिये मोबाईल नंबर 94258 07682, 94258 20310, 76488 20747 जारी किये गये है। सहयोग की अपील अविनाश देशमुख कनिष्ठ अभियंता शहर बालाघाट, अंकित मार्को सहायक अभियंता शहर बालाघाट तथा रवि कुमार कुम्हरे कार्यपालन अभियंता बालाघाट संभाग द्वारा की गई है।

# गौ सम्मान आव्हान अभियान मे निकाली गयी पद यात्रा रैली

### तहसीलदार को सौपा गया प्रधानमंत्री-मुखमंत्री जी के नाम ज्ञापन




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आज गौ सम्मान अवह्नन अभियान के चलते गौ प्रेमियों ने 27 अप्रेल को गाँधी चौक लामता इकठा हो गौ सम्मान आव्हान अभियान का ज्ञापन तहसीलदार को सोपने के लिए सभी नागरिक, व्यपारी बंधु इकट्टे हुए जिसमे तहसील जाने से पहले सर्वपथम ज्ञापन का पूजन पाठ श्री प्रकाश गुप्ता ने किया गया, तत्पश्चात सभी लोग ने गौ सम्मान पत्र को अपने सर मे रख के नारे लगाते हुए नगर भ्रमण कर गौ माता के सम्मान एवं सुरक्षा हेतु माननीय महामहिम राष्ट्रपति महोदया, माननीय प्रधानमंत्री महोदय, माननीय महामहिम राज्यपाल महोदय, माननीय मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय तहसील कार्यालय लामता मे सभी नगरवासी व्यापारी बंधु गणों ने तहसील दार जी को ज्ञापन सौपा ज्ञापन 4 सेट मे सौपे गए, जिसमे लामता तहसील से 69 प्रार्थनापत्र के पन्नों मे 1252 हस्ताक्षर किये गए है गौ माता के हित मे जो कि 27/04/2026 का यह दिन हमारे सर्व सनातन धर्म जैन धर्म एवं सभी धर्मों के लिए अतुलनीय दिन रहा है। जिसमे गौ वंश कि आज चल रही विकट परिस्थिति मे सुधार लाने एवं उनकीमानव सामाज सकारात्मक उपयोगीता असुरक्षा एवं बुचड़ खाने पर जाने से रोक लगाने हेतू यह ज्ञापन प्रार्थना पत्र सलग्न कर सौंपा गया है।आगे सर्व मानव हित मे ज्ञापन में बताया गया कि गौमाता भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रमुख प्रतीक है, इसलिए उसे राष्ट्रमाता का दर्जा देकर विशेष सम्मान एवं संरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। ग्रामीणों और व्यापारियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर इस मांग को समर्थन दिया।उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता और मान्यताओं के अनुसार गौमाता में सभी देवी-देवताओं का वास माना जाता है, इसलिए उसे राष्ट्रमाता के रूप में सम्मानित किया जाना आवश्यक है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि गौवंश केवल धार्मिक आस्था का विषय ही नहीं है, बल्कि कृषि, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।सरकार से मांग की गई कि गौमाता को राष्ट्र की धरोहर घोषित कर उसके संरक्षण एवं सम्मान के लिए ठोस नीति बनाई जाए तथा उसे राष्ट्रमाता का दर्जा देने की दिशा में आवश्यक निर्णय लिया जाए। इस अवसर पर लामता सरपंच हुलासमल कोचर,उप सरपंच राजेंद्र मनेश्वर- जिला पंचायत सदस्य श्रीमती स्मिता -सुनील श्री वास सदस्य जिला रेडक्रास सोसायटी बालाघाट -राकेश जेन -तनमय जेन -बंटी जेन --दिलीप जेन --सुधीर कसार -विक्रम ठाकुर -गब्बर बल्लारी, मूलचंद कोचर, प्रकाश गुप्ता, आकाश जैन, प्रह्लाद पारधी, बलराम जैतवार, स्वपनिल बिसेन व पत्रकार साथी पीतम यादव सहित अन्य ग्रामीण एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

# पत्रकार को अश्लील गाली गलौच एवं जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले में पत्रकार सुरक्षा को लेकर एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां एक स्थानीय पत्रकार को खबर कवरेज के बाद जान से मारने की धमकी दी गई। घटना 21 अप्रैल की बताई जा रही है जब अंकुश चौहान को सूत्रों के माध्यम से सूचना मिली कि डोंगरिया स्थित आरटीओ कार्यालय में एजेंटों के जरिए अधिक पैसे लेकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। सूचना की पुष्टि करने के उद्देश्य से जब पत्रकार मौके पर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि आरटीओ कार्यालय के बाहर स्पष्ट रूप से "प्रवेश निषेध" का बोर्ड लगा हुआ है। जिसके अनुसार आम नागरिकों का कार्यालय के अंदर प्रवेश प्रतिबंधित है और केवल अधिकृत अधिकारी एवं कर्मचारी ही अंदर जा सकते हैं। इसके बावजूद मौके पर कई बाहरी व्यक्तियों की मौजूदगी ने संदेह को और गहरा कर दिया।पत्रकार अंकुश चौहान ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किया और उसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर साझा कर दिया। वीडियो के वायरल होते ही वीडियो में कुछ ऐसे लोग भी नजर आए जो न तो विभागीय कर्मचारी थे और न ही अधिकृत व्यक्ति फिर भी वे कार्यालय के भीतर सक्रिय रूप से मौजूद थे। इससे यह आशंका और प्रबल हो गई कि एजेंटों के माध्यम से नियमों को दरकिनार कर काम किया जा रहा है।वीडियो वायरल होने के कुछ ही घंटों बाद उसी दिन शाम को पप्पू शर्मा नामक व्यक्ति ने पत्रकार अंकुश चौहान को फोन कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। फोन पर की गई गाली-गलौच और धमकी से पत्रकार काफी भयभीत हो गए। जिसके बाद उन्होंने बिना देर किए कोतवाली थाना बालाघाट पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें निशाना बनाया गया और दबाव बनाने की कोशिश की गई।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की और आरोपी पप्पू शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की



धारा 296(बी) और धारा 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। वहीं अभी मामले की जांच जारी है।इस घटना ने जिले में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। पत्रकारिता जैसे जिम्मेदार पेशे में कार्यरत लोगों को यदि इस तरह की धमकियों का सामना करना पड़े तो यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। स्थानीय पत्रकार संगठनों ने भी इस घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो असामाजिक तत्वों के हौसले और बुलंद हो सकते हैं।फिलहाल पुलिस द्वारा पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि धमकी देने के पीछे आरोपी की क्या मंशा थी और क्या वह किसी संगठित नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। साथ ही आरटीओ कार्यालय में सामने आए तथ्यों की भी जांच की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर भी इस मामले को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## सेरपार से नांदगांव सड़क मार्ग में हुआ हादसा

### 2 बाइक की भिंड़त, पति-पत्नी घायल

**कटंगी।** सोमवार की शाम साढ़े 06 बजे सेरपार से नांदगांव सड़क मार्ग पर दो बाइक के बीच आमने-सामने भिंडत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार पति-पत्नी घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया। शराब के नशे में पति अस्पताल से फरार हो गया। मिली जानकारी अनुसार सड़क हादसे में घायल जितेंद्र नेवारे अपनी धर्मपत्नी अनिता नेवारे निवासी लखनवाड़ा वैवाहिक कार्यक्रम से लौटकर घर की तरफ आ रहे थे। वहीं विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात बाइक से उनके वाहन की टक्कर हो गई। घटना के बाद टक्कर मारने वाला बाइक चालक घटनास्थल से फरार हो गए। ग्रामीणों के मदद से 108 संजीवनी आपातकालीन सेवा को फोन किया गया मौके पर पीएमटी डॉ गौरी शंकर पटले और पायलट प्रवीण कावरे पहुंचे जिन्होंने घायल पति-पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में भर्ती कराया यहां से पति जो शराब के नशे में था अपनी घायल पत्नी को अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया।

## गौ सम्मान आव्हान अभियान के अंतर्गत एसडीएम किरनापुर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर ।



गौ सम्मान आव्हान अभियान 27 अप्रैल 2026 भारत में गौ माता को ₹राष्ट्र माता₹ का दर्जा दिलाने और गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु संतो व गांव भक्तों द्वारा चलाए जा रहा एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को लेकर किरनापुर एसडीएम आदित्य नारायण तिवारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपते हुए बताया - ग्रामों के संरक्षण सेवा (गौ शालाओं को सुदृढ करना )और सम्मान की मांग की गई, यह अभियान भारतीय संस्कृति के हित में संविधान के दायरे में रहकर अहिंसक तरीके से गौ सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता बनाने का प्रयास किया जा रहा है ज्ञापन सोपते हुए मुकेश ठाकरे, प्रवीण सावजी, लेखराम खरे, डॉ.ईशू लाल खरे, एन आर गर्दे ,समस्त हिंदू समाज ,पवन भेलावे मुन्नेलाल पांचे, विजय नगपूरे, जितेंद्र गढ़पाल, परमेश्वर खरे, देवेंद्र भरने ,दिगंबर जैवनजारे और भी अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

## 6 आरोपी गिरफ्तार, 25 लाख रुपये का सामान व वाहन किए जप्त

# पुलिस ने किया 10 चोरियों का खुलासा



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी पुलिस ने ग्राम कोस्ते में एक किसान के खेत के मकान से सरसों चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार 6 चोरों से पूछताछ के बाद वारासिवनी, रामपायली व कटंगी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से लगभग 25 लाख रुपये धान, चॉवल, सरसों, सोने चॉदी के कीमती आभूषण एवं चोरी में प्रयोग किए जाने वाले पिकअप वाहन, स्कार्पियो वाहन को बरामद किया है। जिससे वारासिवनी पुलिस को एक बड़े गैंग को पकडऩे व चोरी का सामान बरामद करने में सफलता हासिल हुई है।

विदित हो कि गत 19 अप्रैल को ग्राम कोस्ते में एक किसान शिव प्रसाद चौहान के खेत में बने मकान से अज्ञात चोरों द्वारा लगभग 22 कट्टी सरसों कीमत करीब 45 हजार रुपये की चोरी कर ली गई थी। रिपोर्ट के बाद वारासिवनी पुलिस ने संदेह के आधार पर वारासिवनी नगरीय क्षेत्र के 7 आरोपियों शहजाद उर्फ सज्जू पिता अब्बास कुरैशी 32 वर्ष वार्ड नम्बर 13, अभय पिता राजेन्द्र सहारे 22 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 4, बादल पिता फागूलाल मेश्राम 22 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 4, राहुल पिता विजय भूरे 23 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 4, समीर पिता शमीम खान 24 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 8 चंदोरी, जागेश्वर बघेल 47 वर्ष व सोनू पिता छन्नूलाल नांदने 24 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 1 को गिरफ्तार कर पूछताछ की थी। जिसमें उन्होंने सरसों की चोरी करना स्वीकार कर लिया था।

जिसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया था, जहॉ से जागेश्वर बघेल को जेल भेज दिया गया था और अन्य 6 आरोपियों को चोरियों के संबंध में पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर ले लिया गया था। उसके बाद पुलिस द्वारा सभी आरोपियों से लगातार पूछताछ की गई, तो उनके द्वारा अन्य चोरियों का खुलासा भी किया गया और बताया कि उनके द्वारा ग्राम डोंगरगॉव से 22 बोरी खाद, चॉवल, धान एवं सीमेंट की बोरी, ग्राम खापा से लगभग 70 कट्टी धान की बोरी, थाना कटंगी के कोडमी से 58 बोरी धान की चोरी, ग्राम कटेरा से करीबन 70 कट्टी धान की चोरी तथा रामपायली क्षेत्र के ग्राम कोथुरना से 13 बोरी धान की चोरी की थी।

उसके अलावा इन चोरों ने वारासिवनी थाना क्षेत्र के ग्राम वारा के शिवधाम मोहल्ले में देवी प्रसाद टेकाम एवं वारासिवनी वार्ड नम्बर 1 मिश्रा नगर, अंकुश पटले वार्ड नम्बर 3 वारासिवनी के घरों एवं कटंगझरी की 2 दुकानों से मंगल सूत्र, हार, बाले, चॉदी के सिक्के, कडे, पायल, बिछिया एवं अन्य आभूषणों की चोरी की थी। इतना ही नहीं इन चोरों ने थाना कटंगी से लगभग 10 क्विंटल लाख की चोरी की बात भी स्वीकार की। पूछताछ में चोरों ने बताया था कि वह पहले गॉवों व घरों की रेकी करते थे और फिर सुनसान मकानों एवं गोदामों को चिन्हित करते थे तथा रात्रि के समय 407 पिकअप एवं स्कार्पियो वाहन की सहायता से चोरी कर माल को अन्य स्थानों पर बेच देते थे।

पुलिस थाना वारासिवनी में ली गई प्रेस वार्ता के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिषेक चौधरी ने बताया कि इन चोरों द्वारा चोरी का सामान किन-किन लोगों को बेचा गया है, उसकी भी जॉच की जायेगी। इसके अलावा अन्य स्थानों में की गई चोरियों के बारे में भी पूछताछ की जायेगी। अभी तक चोरों द्वारा 10 स्थानों पर की गई चोरियों का खुलासा किया गया है। इन चोरों से पूछताछ व सामग्री की बरामदगी के लिए 6 टीमों का गठन किया गया था। जिन्होंने इस पूरी कार्यवाही को अंजाम दिया है।

थाना प्रभारी पवन यादव ने बताया कि कोस्ते की चोरी के मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। जिसमें से एक आरोपी जागेश्वर बघेल को न्यायालय ने जेल भेज दिया था और शेष 6 आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। इन सभी आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

## इंजीनियर की मौज, विधायक के हाथों की कठपुतली बने पार्षद

# 14 करोड़ खर्च की तैयारी, पानी कहां से आएगा..!



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की नगर परिषद कटंगी ने शहरी क्षेत्र में पानी की समस्या को हल करने के लिए सरकार से मिली 14 करोड़ रुपये की राशि की कार्ययोजना योजना तैयार की है। इस राशि से सभी 15 वार्डों में पाइपलाइन बिछाने, टंकी निर्माण, फिल्टर प्लांट, पावर हाउस, डकवेल और अन्य जलापूर्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं का निर्माण किया जाएगा। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पानी का स्त्रोत ही स्पष्ट नहीं है, तो इतनी बड़ी धनराशि खर्च करने का क्या औचित्य रह जाएगा। दरअसल, मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना से नगर परिषद कटंगी को पेयजल के लिए करीब 08 वर्ष पूर्व 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इसके अलावा हाल ही के वर्षों में अमृत 2.0 के तहत करीब 4 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। इन दोनों ही राशि को मिलाकर 14 करोड़ रुपए से नगर परिषद के इंजीनियर राजेश चौकसे ने कार्य योजना तैयार की है। इंजीनियर का दावा है कि मुंदीवाड़ा के पास चंदन नदी के पानी का कोई सोर्स मिला है वहां डकवेल बनाकर पूरे शहर को पानी की सप्लाई की जा सकती है लेकिन जब इंजीनियर से उस सोर्स के स्थान के बारे में पूछा जाता है तो वह कुछ नहीं बता पाते। इतने गंभीर विषय पर नगर परिषद के सभी 15 वार्डों के पार्षद भी मौन साधे बैठे हुए है। दोनों ही दलों के पार्षद विधायक गौरव सिंह पारधी के हाथों की कठपुतली बने हुए है। विधायक पार्षदों को अपने इशारों पर नचा रहे है।

**मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना:** नगर परिषद को मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना के लिए करीब 10 करोड़ रुपए की राशि 08 वर्ष पूर्व मिली। परियोजना के निर्माण कार्य का ठेका न्यू इंडिया संस दतिया को मिला। इस फर्म ने नगर परिषद से अनुबंध करने के बाद कार्य शुरू किया। मिनी स्टेडियम के पास फिल्टर प्लांट का निर्माण और कुछ वार्डों में पाइप लाइन का विस्तार किया गया। कार्य शुरू होने के लगभग 06 माह बाद अचानक से ठेकेदार ने कार्य करना बंद कर दिया। उस वक्त सावंगी चंदन नदी से पानी लाने की तैयारी की गई थी किंतु विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने सर्वे में पाया कि जहां से पानी लाने की तैयारी की गई है वहां पर्याप्त मात्रा में पानी ही नहीं है। तब अधिकारियों ने इंजीनियर राजेश चौकसे को जमकर फटकार भी लगाई और काम तब से लेकर अभी दो माह पूर्व तक बंद ही था। इस लंबे अंतराल के बीच नगर परिषद कभी मध्यम सिंचाई परियोजना नहलेसरा जलाशय से तो कभी दो राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना राजीव सागर बांध से पानी लाने पर विचार करने लगी। मगर, जल संसाधन विभाग ने नहलेसरा जलाशय में जल की उपलब्धता कम होने के कारण पानी देने से साफ इनकार कर दिया। राजीव सागर बांध से नगर की दूरी अधिक होने की वजह से लागत बढ़ने के कारण वहां से पानी लाना भी संभव नहीं हो पाया। जब विधायक गौरव सिंह पारधी के संज्ञान में यह विषय आया तो उन्होंने हस्तक्षेप करते हुए विकल्प तैयार करने की कोशिश की किंतु वह भी नाकाम ही साबित हुई। करीब 06 माह पूर्व नगर परिषद की पीआईसी बैठक में ठेके को निरस्त करने का प्रस्ताव लाया गया किंतु इस पर सहमति नहीं बनी और इस विषय पर चर्चा नहीं हुई।

**अमृत 2.0 से भी खर्च हो रही धनराशि:** एक तरफ नगर परिषद मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना का कार्य 08 वर्षों में पूर्व नहीं करवा पाई। वहीं नगर परिषद को अमृत 2.0 के तहत फिर से करीब 4 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो गई। नगर परिषद ने टेंडर प्रक्रिया निकाल दी। इस राशि से 1 पानी टंकी, डकवेल, पाइप लाइन का विस्तार, घरेलू नल कनेक्शन, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम बनना है। सवाल अब भी वहीं है कि निर्माण तो हो जाएगा। मगर, पानी कहां से आएगा। इस पूरे मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से लेकर, प्रभारी अध्यक्ष के पास कोई सीधा जवाब नहीं है। सब उस नासमझ इंजीनियर के भरोसे बैठे है जिसकी निगरानी में हुआ एक भी काम ठीक नहीं है जिनकी जांच अब तक लंबित पड़ी है।